# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
**सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)**
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक—1040 /कु0स0का0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक—22—11—2025

**सेवामें,**

1. **अधिष्ठाता, समस्त संकाय**
2. **प्राचार्य/प्रचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
   **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।**

**विषय :— अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों तथा यूनिसेफ के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 03—11—2025 का कार्यवृत्त के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (उच्च शिक्षा) उ0प्र0, शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांक—डिग्री विकास/2215/2025—26 दिनांक 18—11—2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन के पत्र संख्या—968/सत्तर—1—2025 दिनांक 13 नवम्बर, 2025 के क्रम में बैठक दिनांक 03—11—2025 का कार्यवृत्त के गतिविधि बिन्दु—4 में विभाग से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निम्न कार्यवाही किया जाने की अपेक्षा की गयी है। (छाया प्रति संलग्न)

अतः उपरोक्त के क्रम में संलग्न पत्र के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी सूचित करना सुनिश्चित करें, जिससे कृत कार्यवाही की सूचना शासन को ससमय ई—मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर प्रेषित किया जा सकें।

**संलग्नक—** यथोपरि।

22/11/25

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक— /तददिनांकित।

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अनुसचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक (उच्च शिक्षा) उ0प्र0, शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज।
3. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

**समयबद्ध/ई–मेल**

प्रेषक,

निदेशक (उच्च शिक्षा), उ0 प्र0,
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश

2–कुल सचिव
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः डिग्री विकास / 2215 / 2025–26 दिनांक : 18/11/2025

विषयः अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों तथा यूनिसेफ के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 03–11–2025 का कार्यवृत्त के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या–968/सत्तर–1–2025 दिनांक 13 नवंबर, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों तथा यूनिसेफ के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 03–11–2025 का कार्यवृत्त के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में बैठक दिनांक 03–11–2025 का कार्यवृत्त के गतिविधि बिन्दु–4 में विभाग से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निम्न कार्यवाही की अपेक्षा की गयी हैः–

"प्रमोशन ऑफ बेटर केयर नेटवर्क टू लर्न एण्ड केयर : बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चों को शिक्षा सहित अन्य नवाचारों व रूचिपूर्ण गतिविधियों में सहयोग देने हेतु उच्च शिक्षा विभाग के नेतृत्त्व में चिन्हित विषय विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर/शिक्षाविद्, छात्रों, अन्य विभागों के विशेषज्ञों, आदि का रिर्सोस पूल तैयार कर बाल देखरेख संस्थाओं हेतु मॉड्यूल विकसित करने एवं मॉड्यूल के क्रियान्वयन पर चर्चा।"

अतः उक्त के सम्बन्ध में महिला कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना समेकित कर इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 dhedegreevikas@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–यथोक्त

भवदीय

18/11/25

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा)
कृते–शिक्षा निदेशक (उ0 शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन सं0–डिग्री विकास/ 2215-17 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) अनु सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

(2) अपर सचिव उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों को उक्त सूचना प्रसारित करते हुए कृत कार्यवाही की समेकित सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा)
कृते–शिक्षा निदेशक (उ0 शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

संख्या-1968/सत्तर-1-2025

प्रेषक,

संजय कुमार द्विवेदी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा,
प्रयागराज, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊः दिनाँकः13 नवम्बर, 2025

विषय- अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन कर अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों तथा यूनिसेफ के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 03-11-2025 का कार्यवृत्त के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त महिला कल्याण अनुभाग-1 के पत्र संख्या-1137913/60-1099/321/2024 दिनांक 10-11-2025(छायाप्रति संलग्न) एवं पत्र संख्या-1138087/60-1099/321/2024 दिनांक 10-11-2025(छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से बैठक दिनांक 03-11-2025 का कार्यवृत्त के गतिविधि बिन्दु 4 में विभाग से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निम्न कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है:-

'प्रमोशन ऑफ बेटर केयर नेटवर्क टू लर्न एण्ड केयर: बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चों को शिक्षा सहित अन्य नवाचारों व रूचिपूर्ण गतिविधियों में सहयोग देने हेतु उच्च शिक्षा विभाग के नेतृत्व में चिन्हित विषय विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर/शिक्षाविद्, छात्रों, अन्य विभागों के विशेषज्ञों, आदि का रिर्सोस पूल तैयार कर बाल देखरेख संस्थाओं हेतु मॉडयूल विकसित करने एवं मॉडयूल के क्रियान्वयन पर चर्चा।

2- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त के सम्बन्ध में महिला कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही करते हुए दिनांक 16-11-2025 को जे0टी0आर0आई0 लखनऊ में स्टेट लेवल प्रोग्राम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,
Digitally signed by
SANJAY KUMAR DWIVEDI
Date: 13-11-2025
14:56:22
(संजय कुमार द्विवेदी)
अनु सचिव

Go

## मा0 चेयरपर्सन, मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 को संपन्न बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में संबंधित विभागों तथा यूनिसेफ के साथ संपन्न बैठक दिनांक 03, नवम्बर, 2025 का कार्यवृत्त :-

दिनांक 03 नवम्बर, 2025 को सम्बन्धित विभागों एवं यूनिसेफ के साथ बाल दिवस समारोह हेतु प्रस्तावित Conclave on Justice For Children के संबंध में अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1. श्री अमृत त्रिपाठी, सचिव, , उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. श्रीमती संदीप कौर, निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0।
3. श्री मयंक त्रिपाठी, रजिस्ट्रार जनरल, मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ - (ऑनलाइन)।
4. सुश्री रूक्मणी वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 पुलिस - (ऑनलाइन)।
5. सुश्री दीपा तिवारी, उप निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 - (ऑनलाइन)।
6. डा0 ए0के0 अग्रवाल, डी0जी0, एम0सी0एच0, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0।
7. डा0 (मेजर) सी0 एस0 बाजपेई, संयुक्त निदेशक (मेडिकल केयर), चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0।
8. डा0 शालू गुप्ता, संयुक्त निदेशक, एम0सी0एच0, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0।
9. सुश्री अनुपमा मौर्या, उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0।
10. श्री पुष्पेन्द्र सिंह, उप निदेशक मुख्यालय, महिला कल्याण, उ0प्र0।
11. श्री बी0एस0 निरंजन, उप निदेशक मुख्यालय, महिला कल्याण, उ0प्र0।
12. श्री महावीर प्रसाद बघेल, डी0एस0, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0।
13. श्री संजय कुमार द्विवेदी, अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
14. सुश्री पूनम नोटियाल, शोध प्राध्यापक, एस0सी0ई0आर0टी0, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 - (ऑनलाइन)।
15. श्री सैयद मंसूर उमर कादरी, बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, उ0प्र0।

16. श्री नीरज मिश्रा, राज्य सलाहकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0।
17. श्री प्रीतेश कुमार तिवारी, राज्य सलाहकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0।
18. सुश्री पल्लवी राय, राज्य सलाहकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0।
19. सुश्री सृष्टि बसाक, तकनीकी कान्सलटेन्ट, मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ।
20. सुश्री शिवली जोशी, रिसोर्स पर्सन, मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ।
21. डा0 एम0के0 सिंह, कौशल विकास मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।

- बैठक के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ के पत्र संख्या-7419,I/जे0जे0सी0/2025, दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 के माध्यम से मा0 चेयरपर्सन, मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति की अध्यक्षता में दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 को संपन्न बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन हेतु अपर मुख्य सचिव, महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में संबंधित विभागों तथा यूनिसेफ के साथ संयुक्त बैठक करते हुये बाल दिवस सप्ताह के अवसर पर मा0 समिति द्वारा प्रस्तावित Conclave on Justice For Children के संबंध में रूपरेखा तैयार कर उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।
- उपरोक्त क्रम में विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरांत दिनांक 10 से 22 नवम्बर, 2025 के मध्य आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर सहमति प्रदान करते हुये निम्नवत् कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैः-

गतिविधि 1 -

महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा जनपद स्तर पर स्थित राजकीय बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित 6-10 वर्ष, 11-14 वर्ष, 15-18 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का निम्नवत् आयोजन किया जायेगा।

| दिनांक | गतिविधि |
|---|---|
| 10 नवम्बर, 2025 | एकल प्रतियोगिता<br>1. चित्रकला/पेन्टिंग (6-10 वर्ष), |

| | |
|---|---|
| | 2. चित्रकला/पेन्टिंग,<br>3. रंगोली,<br>4. निबंध लेखन (11-14 व 15-18 वर्ष) |
| 11 नवम्बर, 2025 | 1. 50 मीटर रेस (एकल प्रतियोगिता, 6-10 वर्ष),<br>2. लेमन रेस (एकल प्रतियोगिता, 6-10 वर्ष),<br>3. 100 मीटर रेस (एकल प्रतियोगिता, 11-14 व 15-18 वर्ष),<br>4. 400 मीटर रिले रेस (समूह - अधिकतम 4 बच्चे, 11-14 व 15-18 वर्ष) |
| 12 नवम्बर, 2025 | समूह प्रतियोगिता<br>1. समूह डांस (6-10, 11-14 व 15-18 वर्ष),<br>2. नाटक/स्किट,<br>3. समूह गान (11-14 व 15-18 वर्ष), |
| 13 नवम्बर, 2025 | संस्था वार प्रतियोगिता<br>1. सर्वश्रेष्ठ किचन कम फ्लावर गार्डन<br>2. सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालय सेटअप् |
| 14 नवम्बर, 2025 | समस्त बाल देखरेख संस्थाओं में विशेषज्ञों के माध्यम से "स्टोरी टेलिंग सत्र एवं बाल दिवस" का आयोजन। |
| 15 नवम्बर, 2025 | प्रत्येक गृह में टैलेंट शो - मार्शल आर्ट, कराटे, ताइक्वाण्डो, जिमनास्टिक, एकल गान, म्यूज़िक, कूकरी, मिमीक्री, स्टैंड-अप कॉमेडी, कविता पाठ, आदि। |
| 16 नवम्बर, 2025 | समस्त बाल देखरेख संस्थाओं के बच्चों हेतु संस्था से बाहर पिकनिक/ एक्सपोज़र/ मूवी विजिट। |
| 17 नवम्बर, 2025 | बच्चों द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी। |
| 18 नवम्बर, 2025 | बच्चों द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी व लखनऊ आगमन। |
| 19 नवम्बर, 2025 | राज्य स्तर पर लखनऊ में विभिन्न जनपदों से आये बच्चों के मध्य प्रतियोगितायें। |

| | |
|---|---|
| 20 नवम्बर, 2025 | तरंग - अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन - प्रतियोगितायें, प्रदर्शनी, गेम स्टॉल, मेडिकल चेकअप् कैम्प, करियर काउंसिलिंग स्टाल, पपेट शो, स्टेज पर्फार्मेन्स , बच्चों व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण, आदि। |

(कार्यवाही: महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0।)

गतिविधि-2 - महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 पुलिस:-

| | |
|---|---|
| 15 नवम्बर, 2025 | विशेष किशोर पुलिस इकाई सशक्तिकरण: बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों / मिशन शक्ति केन्द्र के कार्मिकों के साथ किशोर न्याय एवं पॉक्सो अधिनियम के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरेबल इंडिकेटर्स पर चर्चा एवं अभिमुखीकरण। |

(कार्यवाही: महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 पुलिस।)

गतिविधि-3 - राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र एवं न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ:

| | |
|---|---|
| 16 नवम्बर, 2025 | निशुल्क कानूनी सहायता व्यवस्था के सुदृढीकरण व NLSA द्वारा वर्ष 2024 में शुरू की गई नवीन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर सदस्य सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पैनल अधिवक्ताओं के साथ विचार-विमर्श। |

(कार्यवाही: मा0 किशोर न्याय समिति, UPSLSA व JTRI के निर्णयनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र एवं न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ।)

गतिविधि-4 - उच्च शिक्षा विभाग:

| | |
|---|---|
| 16 नवम्बर, 2025 | प्रमोशन ऑफ बेटर केयर नेटवर्क टू लर्न एण्ड केयर: बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चों को शिक्षा सहित अन्य नवाचारों व रूचिपूर्ण गतिविधियों में सहयोग देने हेतु उच्च शिक्षा विभाग के नेतृत्व में चिन्हित विषय विशेषज्ञों, विश्वविधालय के प्रोफेसर/शिक्षाविद, छात्रों, अन्य विभागों के विशेषज्ञों, आदि का रिर्सोस पूल तैयार कर बाल देखरेख संस्थाओं हेतु मॉडयूल विकसित्त करने एवं मॉडयूल के क्रियान्वयन पर चर्चा। |

(कार्यवाही: उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।)

**गतिविधि-5** - दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0

| | |
|---|---|
| 17 नवम्बर, 2025 | विभिन्न विभागों यथा महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, समाज कल्याण, युवा कल्याण एवं खेलकूद, लखनऊ के0जी0एम0यू0, डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविधालय, जगद् गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविधालय, आदि के साथ दिव्यांग बच्चों के संरक्षण हेतु स्टेट एक्शन प्लान के विकास व क्रियान्वयन पर समन्वय बैठक। |

(कार्यवाही: दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0।)

**गतिविधि-6** - राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0

| | |
|---|---|
| 18-21 नवम्बर, 2025 | शिक्षा विभाग के माध्यम से बाल देखरेख संस्थाओं में तैनात शिक्षकों का पैडागोजी फ्रेमवर्क पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण। |

(कार्यवाही: राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0।)

**गतिविधि-7** - न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ

| | |
|---|---|
| 22 नवम्बर, 2025 | विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, विशेषज्ञ संस्थानों, बाल कल्याण समिति तथा किशोर न्याय बोर्ड प्रतिनिधियों के साथ किशोर न्याय एवं पॉक्सो कानून के अंतर्गत बच्चों का संरक्षण एवं पुनर्वास विषयक परिचर्चा। |

(कार्यवाही: मा0 किशोर न्याय समिति, UPSLSA व JTRI के निर्णयनुसार न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ।)

- समस्त संबंधित विभाग उपरोक्त गतिविधियों के आयोजन हेतु अपने स्तर से पत्राचार सुनिश्चित करेंगें एवं कॉन्क्लेव में शामिल समस्त विभागों को भी प्रस्तावित गतिविधियों में शामिल/ आमंत्रित करेंगें।
- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र एवं न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की ओर से बैठक में किसी अधिकारी द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया था अतः उक्त विभागों से संबंधित गतिविधियों पर मा0 किशोर न्याय समिति, UPSLSA व JTRI द्वारा लिये गये निर्णयनुसार कार्यवाही अपेक्षित है।
- बैठक में प्रमोशन ऑफ बेटर केयर नेटवर्क टू लर्न एण्ड केयर विषयक गतिविधि पर विश्वविधालयों के साथ की गई गतिविधियों के पूर्व अनुभवों के दृष्टिगत सचिव उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चों को शिक्षा सहित अन्य

नवाचारों व रुचिपूर्ण गतिविधियों में सहयोग देने हेतु निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग के नेतृत्व में चिन्हित विषय विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर/शिक्षाविद्, छात्रों, अन्य विभागों के विशेषज्ञों, आदि का रिर्सोस पूल तैयार कर क्रियान्वयन पर चर्चा बैठक का आयोजन करना प्रस्तावित किया गया, जिस पर सभी विभागों द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

- बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, उ0प्र0 द्वारा प्रस्तावित गतिविधियों में संबंधित समस्त विभागों को तकनीकी सहयोग व आंशिक वित्तीय सहयोग प्रदान किये जाने की सहमति प्रदान की गई, इस हेतु संबंधित विभाग यूनिसेफ से संपर्क कर सकते हैं।

उपरोक्त चर्चा के उपरांत बैठक सधन्यवाद संपन्न हुई।

(सुधा वर्मा)
विशेष सचिव।

Digitally signed by
SUDHA VERMA
Date: 10-11-2025
16:49:07

उत्तर प्रदेश शासन
महिला कल्याण अनुभाग-1
संख्या-1137913/60-1099/321/2025
लखनऊ: दिनांक 10 नवम्बर, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव, उच्च शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, बेसिक शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र0।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0।
4. निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0।
5. रजिस्ट्रार जनरल, मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ।
6. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0/यू0पी0एस0डी0एम0, उ0प्र0 लखनऊ।
7. श्री सैयद मंसूर उमर कादरी, बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, उ0प्र0।
8. गार्ड फाइल।

Digitally signed by
AVNEESH KUMAR SINGH
Date: 10-11-2025
17:04:44

(अवनीश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
महिला कल्याण अनुभाग-1
संख्या-1138007 /60-1099/321/2024
लखनऊ: दिनांक- 10 नवम्बर, 2025

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

कृपया श्री मयंक त्रिपाठी-प्रथम, रजिस्ट्रार जनरल, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या-7912/JJC/2025; लखनऊ, दिनांक 03.11.2025 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपने पत्र दिनांक 01.11.2025 का संदर्भ देते हुए मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा जे0टी0आर0आई0, लखनऊ में दिनांक 16.11.2025 को आयोजित स्टेट लेवल प्रोग्राम में कतिपय विशवविद्यालयों के वाइस चांसलर, जिन जनपदों में बाल देखरेख संस्थायें हैं, उन जनपदों के मेडिकल कालेज/ विशवविद्यालय के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख एवं उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

2- अतः अनुरोध है कि कृपया मा0 उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा जे0टी0आर0आई0, लखनऊ में दिनांक 16.11.2025 को आयोजित स्टेट लेवल प्रोग्राम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

11/11/25
(एन0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन

(सुधा वर्मा)
विशेष सचिव।

Digitally signed by
SUDHA VERMA
Date: 10-11-2025
17:43:56

1386/SC(A)/25
VS
12.11.2025